प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001

Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

05 जुलाई 2021

रिज़र्व बैंक ने जी-सेक अभिग्रहण कार्यक्रम (जी-एसएपी 2.0) के अंतर्गत भारत सरकार की प्रतिभूतियों की खुला बाजार खरीद की घोषणा की

गवर्नर के 4 जून 2021 के वक्तव्य में घोषणा किए अनुसार, रिज़र्व बैंक बाजार को समर्थन देने के लिए 2021-22 की दूसरी तिमाही में सरकारी प्रतिभूतियों के अधिग्रहण कार्यक्रम (जी-एसएपी 2.0) के तहत ₹1.2 लाख करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियों की खुले बाजार खरीद आयोजित करेगा। जी-एसएपी 2.0 के तहत कुल ₹20,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियों की पहली खरीद 08 जुलाई 2021 को की जाएगी।

2. तदनुसार, रिज़र्व बैंक एकाधिक मूल्य नीलामी पद्धति का उपयोग करके एक बहु-प्रतिभूति नीलामी के माध्यम से निम्नलिखित सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा:

क्रम संख्या	आईएसआईएन	प्रतिभूति	परिपक्वता की तारीख	कुल राशि
1	IN0020060078	8.24% जीएस 2027	15-फरवरी-2027	₹20,000 करोड़ (कोई प्रतिभूति-वार अधिसूचित राशि नहीं है)
2	IN0020170174	7.17% जीएस 2028	08-जनवरी-2028	
3	IN0020150069	7.59% जीएस 2029	20-मार्च-2029	
4	IN0020150028	7.88% जीएस 2030	19-मार्च-2030	
5	IN0020190065	7.57% जीएस 2033	17-जून-2033	

3. रिज़र्व बैंक के पास निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित हैं:

- प्रत्येक प्रतिभूतियों की खरीद की मात्रा का निर्धारण करना।
- सकल राशि से कम राशि की बोलियां स्वीकार करना।
- पूर्णांकन प्रभाव के कारण सकल राशि की तुलना में कुछ अधिक/कम की खरीद करना।
- कारण दिए बिना संपूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी या सभी बोलियाँ का स्वीकार या अस्वीकार करना।

4. पात्र प्रतिभागियों को **08 जुलाई 2021** को **सुबह 10:00 और सुबह 11:00 बजे** के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अपनी बोली प्रस्तुत करने चाहिए। केवल सिस्टम विफलता की स्थिति में, भौतिक बोलियाँ स्वीकार किए जाएंगे। इस तरह की भौतिक बोली रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से प्राप्त निर्धारित फॉर्म (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewForms.aspx) में **सुबह 11.00 बजे** से पहले वित्तीय बाजार परिचालन विभाग (ईमेल; फोन नंबर: 022-22630982) को प्रस्तुत किये जाने चाहिए।

5. नीलामी का परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल प्रतिभागियों को **09 जुलाई 2021** को **दोपहर 12 बजे** तक अपने एसजीएल खाते में प्रतिभूतियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए।

6. जी-एसएपी 2.0 के तहत अगली खरीद 22 जुलाई 2021 को ₹20,000 करोड़ के लिए की जाएगी। नीलामी में खरीदी जाने वाली सरकारी प्रतिभूतियों की सूचना यथासमय दी जाएगी।

(योगेश दयाल)

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/489

मुख्य महाप्रबंधक